एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दिशा पाटनी ने लॉन्जरी बिकीनी में शेयर की फोटो, फैंस हुए बेकाबू

ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी बॉलिवुड में भले ही चंद फिल्में पुरानी हों, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग बेहद जबरदस्त है। उन्हें अपने फैंस को रिझाना भी बखूबी आता है। और तो और सोशल मीडिया पर भी दिशा काफी ऐक्टिव रहती हैं। हाल ही में क्रिसमस के त्योहार पर जहां अन्य बॉलिवुड सेलेब्स ने ढेर सारी शुभकामनाएं दीं, वहीं दिशा पाटनी ने क्रिसमस को एक अलग अंदाज़ में मनाया।

उन्होंने अपने फैंस के लिए इंस्टाग्राम पर अपनी एक बोल्ड फोटो शेयर की और लिखा, क्रिसमस के खास मौके पर। दिशा ने इस फोटो में वाइट कलर की लॉन्जरी बिकीनी पहनी हुई है और वह गजब की हॉट लग रही हैं। दिशा की इस अवतार को देख सोशल मीडिया पर फैंस बेकाबू हो गए और खूब कॉमेंट किए।

दिशा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहती हैं। करियर की शुरुआत से ही उनका नाम ऐक्टर टाइगर श्रॉफ के साथ जुड़ता रहा है।

इतना ही नहीं, दिशा को अक्सर कई जगहों पर और इवेंट्स में टाइगर के साथ बांहों में बाहें डाले देखा गया है। वह बात अलग है कि दिनों में से कभी किसी ने अपने रिश्ते को लेकर कुछ नहीं कहा।

बात करें दिशा पाटनी की आने वाली फिल्म की, तो वह सलमान खान स्टारर भारत में नज़र आएंगी। इस फिल्म में उनके अलावा कटरीना कैफ भी हैं। अली अब्बास ज़फर के निर्देशन में बनी यह फिल्म २०१९ में ईद के मौके पर रिलीज़ होगी।

भारत से बॉलिवुड में डेब्यू करेगा टीवी ऐक्टर साहिल चड्ढा

बॉलिवुड में नए चेहरों को मौका देने के लिए जाने वाले ऐक्टर सलमान खान अब एक और ऐक्टर पर मेहरबान हुए हैं। इन दिनों नए टीवी शो लेडीज़ स्पेशल में नज़र आ रहे नए ऐक्टर साहिल चड्ढा अब बड़े परदे पर सलमान खान के साथ नज़र आएंगे। साहिल चड्ढा एक थिअटर आर्टिस्ट हैं और अपने बॉलिवुड डेब्यू को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। साहिल पिछले कई सालों से फिल्मों के लिए ऑडिशन दे रहे थे, लेकिन उन्हें कोई अच्छा ऑफर नहीं मिला। अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए साहिल चड्ढा ने कहा, मैं हरियाणा से हूं और बाकी संघर्षशील लोगों की तरह मैंने भी यह सोचना शुरू कर दिया था कि ऑडिशन देना ही मेरा रोज़ का काम है। मैं भी अपने किरदारों को लेकर काफी चूज़ी रहा। लेडीज़ स्पेशल अन्य सास-बहू ड्रामा सीरियल्स जैसा नहीं है। मैंने सोचा कि इसमें मेरा किरदार काफी चैलेंजिंग होगा। साहिल ने आगे बताया, पहले मुझे टीवी शोज़ देखना बिल्कुल भी पसंद नहीं था, लेकिन बाद में महसूस किया कि इन्हें देखने वाले लोगों की संख्या भी अच्छी खासी है। अगर सास-बहू ड्रामा और सुपरनैचरल शोज बनाए जा रहे हैं तो जरूर उनकी डिमांड होगी, लेकिन मैं हमेशा ही ऐसे टीवी शो से डेब्यू करना चाहता था जो वास्तविक लगे। पहली फिल्म में ही सलमान जैसे ऐक्टर का साथ पाकर भी साहिल बेहद खुश हैं। अपने डेब्यू को लेकर उन्होंने कहा, मैं बहुत खुशकिस्मत हूं कि इतने सालों बाद मुझे टीवी और फिल्मों से ऑफर मिल रहे हैं। सलमान खान और सुनील ग्रोवर जैसे स्टार्स के साथ काम कर मैंने काफी कुछ सीखा। चाहे फिल्में हों या फिर टीवी, मैं अपने किरदार पर ही फोकस करना चाहता हूं। भारत को अली अब्बास ज़फर डायरेक्ट कर रहे हैं और यह अगले साल ईद पर रिलीज़ होगी। इस फिल्म में कटरीना कैफ और दिशा पाटनी भी नज़र आएंगी।

दिखा कोमोलिका हिना खान का बोल्ड अवतार

ये रिश्ता क्या कहलाता है में अक्षरा के किरदार से घर-घर में पॉप्युलर हुईं ऐक्ट्रेस हिना खान इन दिनों टीवी शो कसौटी ज़िंदगी के 2 से धमाल मचा रही हैं। इस शो में वह कोमोलिका का नेगेटिव किरदार में हैं, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। हाल ही में हिना खान ने बिग बॉस 12 एक स्पेशल एपिसोड के लिए शूट किया और इसकी कुछ फोटोज़ उनके फैन क्लब ने शेयर की हैं। शूट के दौरान हिना खान ने ब्लैक कलर का लेस वाला लॉन्जरी टॉप पहना और उसके ऊपर रेड कलर का ब्लेजर। इस पूरे लुक में हिना की हॉट अदाएं गजब ढा रही हैं।

वैसे हिना खान का फैशन सेंस काफी गज़ब का है। ट्रेडिशनल से लेकर वेस्टर्न तक हर आउटफिट उन पर फबता है। खुद वह भी काफी फोटोशूट्स कराती रहती हैं और अपने फोटोज़ सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं।

कह सकते हैं कि कसौटी ज़िंदगी के 2 शो मिलने के बाद हिना खान काफी बोल्ड हो गई हैं। अपने डेब्यू शो में हिना खान को गर्ल नेक्स्ट डोर और आदर्श बहू व पत्नी वाली छवि में देखा गया था, लेकिन कोमोलिका के किरदार में वह हर रोज चौंका रही हैं।